भा वा अ शि प - वन उत्पादकता संस्थान

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

स्थल : वन उत्पादकता संस्थान राँची

भावाअशिप वन उत्पादकता संस्थान राँची के निदेशक डॉ. योगेश्वर मिश्रा के निर्देशानुसार संस्थान के विस्तार प्रभागाध्यक्ष श्रीमती अंजना सुचिता तिर्की के मार्गदर्शन में आज़ादी के अमृत महोत्सव काल में मिशन लाइफ के अंतर्गत दिनांक 20/06/2023 को संस्थान में कोटक महिंद्रा बैंक के सौजन्य से मेदांता अस्पताल के डॉ. रणविजय प्रसाद, सेवा निवृत सिविल सर्जन, सदर अस्पताल गिरिडीह के नेतृत्व में एक दल द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसका लाभ संस्थान के अधिकारी, कर्मचारी एवं शोधार्थियों ने लिया।

कोटक महिंद्रा बैंक की ओर से शाखा प्रबंधक श्री कुमार अतुल ने अपने सहयोगियों के साथ कार्यक्रम संपादन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने इस अवसर पर कोटक महिंद्रा के प्रमुख उत्पादों से भी उपस्थित अधिकारीयों, कर्मचारियों को अवगत कराया।

संस्थान की उप वन संरक्षक श्रीमती अंजना सुचिता तिर्की ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए बताया कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का सबसे बड़ा उदाहरण समय समय पर स्वास्थ्य जाँच कराना है। उन्होंने कोटक महिंद्रा बैंक के Branch Manager (शाखा प्रबंधक) को संस्थान में निशुल्क जाँच शिविर की व्यवस्था हेतु धन्यवाद दिया। उन्होंने मेदांता अस्पताल के डॉ. रणविजय प्रसाद को भी आश्वस्त किया कि संस्थान के प्रत्येक सदस्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हैं तथा जांचोपरांत यदि आवश्यक हो तो भविष्य में भी स्वास्थ्य परामर्श लेते रहेंगे।

संस्थान के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपना स्वास्थ्य जाँच कराया एवं चिकित्सक से परामर्श लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विस्तार प्रभाग के बी.डी.पण्डित, सूरज कुमार एवं मोहित सतपथी तथा सेवा एवं सुविधा प्रभाग के बसंत कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम की झलकियाँ 20.06.2023